संपादकीय

'आधार' को विश्वास

बीते वर्ष सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार की बहुआयामी और महत्वाकांक्षी 'आधार' योजना को अपने महत्वपूर्ण फैसले में वैधता प्रदान की थी। अब वैधता प्रदान करने के नौ महीने बाद सरकार इससे जुड़ी व्यावहारिक दिक्क तों को दूर करने की दिशा में कुछ आगे बढ़ी है। बड़े बहुमत से दुबारा सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपनी दूसरी पारी में इस बाबत लोकसभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें बैंक खाते खोलने और मोबाइल के नये कनेक्शन लेने के लिये आधार की जानकारी देने को स्वैच्छिक बनाने का प्रयास किया गया है। सरकार आधार (वित्तीय व अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवा का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 में संशोधन करेगी। वहीं सुप्रीमकोर्ट के फैसले के अनुरूप बिल एक्ट की असंवैधानिक धारा 57 को हटाने की बात करता है जो दूरसंचार जैसी निजी कंपनियों को आधार डेटा तक पहुंचने की अनुमति देती है। दरअसल, चिंता इस बात की थी कि पिछली सरकार के विगत डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सर्वरों में संगृहीत डेटा को नुकसान पहुंचने की चिंता जतायी जा रही थी। दि ट्रिब्यून ने इस बात का खुलासा किया था कि कैसे लाखों नागरिकों की व्यक्ति गत जानकारी के हैक होने या मुनाफा के लिये डेटा बेचने के कारोबार का खतरा था। हालांकि, उसके उपरांत व्यवस्था के छिद्रों को बंद करके यह सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ कि नागरिकों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी का गलत लोगों द्वारा दुरुपयोग न किया जा सके। निःसंदेह इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी सामने आये लेकिन यह कवायद तब तक अधूरी मानी जाती जब तक कि डेटा का दुरुपयोग करने वालों को कानूनन दंडित नहीं किया जाता। कड़े दंड के प्रावधानों के बिना यह संभव भी नहीं था। जब तक जानकारी का दुरुपयोग करने वालों में सजा का भय नहीं होता, तब निजी खिलाड़ियों द्वारा दुरुपयोग की आशंका बनी रहती। इन चिंताओं को स्वीकार करते हुए सरकार के इस विधेयक में इस बात का प्रावधान है कि आधार का डेटा मांगने वाली संस्था अथवा ऑफलाइन सत्यापन प्राप्त करने वाली संस्था द्वारा निजी जानकारी के गैरकानूनी उपयोग पर तीन साल की सजा के साथ आर्थिक दंड का भी प्रावधान होगा। वास्तव में संवेदनशील डेटा से छेड़छाड़ के मामले में सजा को तीन वर्ष के बजाय दस वर्ष किया जाये तो लोगों का निजी डेटा दुरुपयोग से निरापद रह पायेगा। इस कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था की दरकार है ताकि लोगों का सिस्टम पर भरोसा कायम रहे। ध्यान रखना जरूरी है कि सुप्रीमकोर्ट ने अगस्त 2017 के फैसले में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया था, जिसका उल्लंघन किसी भी सूरत में नहीं किया जा सकता। इसके अलावा यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि निजी डेटा में किसी भी तरह से सेंध न लगायी जा सके। इसके लिये जरूरी प्रावधानों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन भी जरूरी है।

बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए जापान से खरीदी जाएंगी 24 रेलगाड़ियां

नईदिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के लिए जापान से 24 बुलेट ट्रेन खरीदने की रेल मंत्रालय की योजना है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लि. और जापानी पक्ष के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरीदी जाने वाली 24 रेलगाड़ियों में से छह को भारत में असेंबल करने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत

1.08 लाख करोड़ रुपये है। इसमें से 81 प्रतिशत लागत का वित्त पोषण जापान इंटरनैशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जीका) के माध्यम से किया जाएगा। इस काम को 2023 में पूरा करने का लक्ष्य है।

राजधानी और शताब्दी जैसी रेलगाड़ियों के निजीकरण की बात को सिरे से खारिज करते हुए रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। रेल मंत्री ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया 'राजधानी और शताब्दी जैसी रेलगाड़ियों का निजीकरण करने की कोई योजना नहीं बनाई गई है। रेलवे के निजीकरण की कोई योजना ही नहीं है।' गोयल से एसपी सदस्य सुरेन्द्र सिंह नागर ने पूछा था कि क्या सरकार राजधानी और शताब्दी जैसी रेलगाड़ियों का निजीकरण करने की योजना बना रही है।

गोयल ने एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि सरकार का लंबी दूरी की सभी ट्रेनों के डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। प्रीमियम, मेल, एक्सप्रेस और उपनगरीय रेल गाड़ियों के सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कदम उठाए गए हैं। पहले चरण के दौरान इन गाड़ियों के 7020 सवारी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया '31 जनवरी 2019 तक बड़ी लाइन के बिना चौकीदार वाले सभी रेलवे क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है। मौजूदा नीति के अनुसार, मीटर लाइन और छोटी लाइन पर बिना चौकीदार वाले रेलवे क्रॉसिंग को अमान परिवर्तन के दौरान समाप्त कर दिया जाएगा। गोयल ने अन्य एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी बताया कि त्यौहारों, गर्मी की छुट्टियों, अन्य अवकाशों जैसी भीड़ वाली अवधि के दौरान मांग उपलब्धता से अधिक हो जाती है तब यात्री सीटों की आरक्षण प्रणाली के दुरूपयोग के मामले भी होते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में वर्ष 2018 के दौरान 2391 दलालों को गिरफ्तार किया गया और 78001 ई-टिकट पकड़े गए। इसी तरह वर्ष 2019 में मई तक 613 दलालों को गिरफ्तार किया गया और 18784 ई-टिकट पकड़े गए।

छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कटौती

नईदिल्ली जून (आरएनएस)। सरकार ने जन भविष्य निधि कोष (पीपीएफ), राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना सहित लगभग सभी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में 10 आधार अंकों की कटौती कर दी है जो 01 जुलाई से शुरू हो रही तिमाही के लिए प्रभावी होगी।

सूत्रों के अनुसार, बचत जमा पर ब्याज दर चार फीसदी वार्षिक यथावत है जबकि एक वर्षीय जमा, द्विवर्षीय जमा और तीन वर्षीय जमा पर तिमाही मिलने वाले ब्याज को सात प्रतिशत से कम कर 6.9 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह से पाँच वर्षीय जमा योजना पर तिमाही ब्याज को 7.8 प्रतिशत से कम कर 7.7 प्रतिशत कर दिया गया है। किसान विकास पत्र पर ब्याज को 7.7 प्रतिशत से कम कर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है और इसके साथ ही इसकी परिपच्ता अवधि भी 112 महीने से बढ़ाकर 113 महीने कर दी गयी है।

भारत, इंडोनेशिया ने 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

ओसाका (आरएनएस)। भारत और इंडोनेशिया ने अगले छह साल में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो के साथ जी20 शिखर सम्मेलन से इतर शनिवार को हुई मुलाकात में यह लक्ष्य तय किया गया। दोनों नेताओं ने अर्थव्यवस्था, रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा समेत कई मुख्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के तरीकों तथा व्यापार एवं निवेश के क्षेत्र में विस्तृत तालमेल पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया ने 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इंडोनेशिया की केंद्रीय सांख्यिकी एजेंसी के अनुसार, दोनों देशों के बीच व्यापार 2016 में 12.90 अरब डॉलर रहा। वर्ष 2017 में यह 28.70 प्रतिशत बढ़कर 18.13 अरब डॉलर पर

पहुंच गया। दोनों नेताओं की हुई बैठक में व्यापार एवं निवेश, रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा के मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, ''जी20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत एक अहम दोस्त से मुलाकात के साथ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति (इंडोनेशिया के) जोकोवि के साथ भारत-इंडोनेशिया सहयोग बढ़ाने के तौर तरीकों पर चर्चा की।'' कुमार ने एक ट्वीट में कहा, ''विस्तृत रणनीतिक भागीदारी को आगे ले जाते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन से इतर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोकोवि के साथ सफल बैठक की।

एटीएम ट्रांजेक्शन फेल होने पर कटे पैसे, तो बैंक देगा जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। भले ही तकनीक की वजह से हमारी बैंकिंग आसान हो गई है, लेकिन इसके बावजूद कई बार ग्राहकों को कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि बैंक ग्राहक किसी एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास करता है, उसके खाते से पैसे कट भी जाते हैं, लेकिन पैसे निकलते नहीं हैं। क्या आपके साथ कभी ऐसा हुआ है। अगर हां तो घबराने की जरूरत नहीं है। यह समस्या अकेले आप की नहीं है। तमाम लोगों की यही शिकायत है।

ऐसा अक्सर होता है कि आप

एटीएम से पैसा निकालने जाते हैं और किसी वजह से पैसा नहीं निकलता है, लेकिन आपके अकाउंट से पैसे कट जाते हैं। इसे फेल एटीएम ट्रांजेक्शन कहते हैं। अमूमन ऐसे मामलों में खुद-ब-खुद पैसा रिफंड हो जाता है। अगर, नहीं होता है तो कस्टमर केयर को फोन कर या मेल के जरिए शिकायत करते हैं, जिसके बाद रिफंड मिल जाता है। आरबीआई की डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2018 (2017-18) में इस तरह के करीब 16 हजार मामले दर्ज किए गए थे। क्या आप जानते हैं कि अगर बैंक रिफंड करने में देरी करता है तो उससे फाइन वसूला जा सकता है?

आरबीआई के नियम के मुताबिक, जिस दिन आप फेल ट्रांजेक्शन की शिकायत करते हैं उसके सात दिनों (वर्किंग डे) के भीतर अगर आपको रिफंड नहीं मिलता है तो बैंक को रोजाना 100 रुपये के हिसाब से मुआवजा भरना होगा।

अब पेट्रोल-डीजल पर वॉटर सेस लगा सकती है सरकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। तमिलनाडु में पानी के संकट ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर देश में अभी से राष्ट्रीय स्तर पर जल नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले वक्त में जल संकट की स्थिति काफी भयावह हो सकती है। यही कारण है कि अब सरकार ने बढ़ते जल संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजनाएं बनाने का काम शुरू कर दिया है।

इन योजनाओं के लिए फंड की जरूरत भी पड़ेगी। इसके लिए सरकार पेट्रोल और डीजल पर वॉटर सेस यानी उपकर लगाने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस बारे में पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ बातचीत चल रही है। इस पर सैद्धांतिक तौर पर सहमति भी बन गई है। पेट्रोल-डीजल पर वॉटर सेस लगाने की घोषणा बजट भाषण या फिर उसके बाद भी की जा सकती है। सेस 30 पैसे से 50 पैसे प्रति लीटर हो सकता है।

आज का राशिफल

मेषः- आज आप जिस बात की आशंका कर रहे हैं वह घटना नहीं होगी। यदि आप किसी से धन लेने जा रहे हैं तो वहां जाना सार्थक हो सकता है। किसी से कोई वादा भी नहीं करें।

वृषभः- आज आपके कंधे पर कुछ अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है। यदि आप नौकरी में हैं तो कोई नया काम आपको सौंपा जा सकता है।

मिथुनः- कुछ उत्तरदायित्व वाला काम आज आपको मिलने वाला होगा। चलते फिरते भी अचानक में कोई प्रियजन मिल सकता है जिसकी तत्काल मदद भी आपको करनी होगी।

कर्कः- एकाएक ही आवेश के वशीभूत होकर आप कभी-कभी भारी गलती कर बैठते हैं। ऐसे मे फिर आगे चलकर वहीं कार्य आपके लिए मुसीबत बन जाता है।

सिंहः- अपने चारों तरफ के वातावरण पर कड़ी नजर रखनी होगी। आपको पता होना चाहिए कि आपके आस-पास क्या हो रहा है।

कन्याः- कोई आपसे प्रेम प्रणय का हाथ बढ़ा रहा है तो अपनी स्थिति देखकर ही उसका जवाब दें। हो सकता है वह आपसे कोई फायदा उठाना चाह रहा होगा।

तुलाः- यदि आप किसी उलझन में हैं या फिर किसी प्रेमीजन के किसी निवेदन या आग्रह से परेशान हैं तो आपको अपनी मजबूरी या असमर्थता साफ साफ जाहिर कर देना चाहिए।

वृश्चिकः- यदि आप आज कोई नई नौकरी खोज रहे हैं या फिर नया कारोबार करना चाहते हैं तो अपने ही इर्द-गिर्द लोगों की मदद लें। हो सकता है इनमें से कोई आपके लिए मददगार साबित हो जाए।

धनुः- आज आप अपने काम को निकालने में कुछ जल्दीबाजी करें। यदि आप ढीले रहें तो सभी महत्वपूर्ण कार्य और भी विलंब का शिकार हो सकते हैं।

मकरः- आज आपके लिए किसी पुराने संकल्प को पूरा करने का दिन है। आपने किसी देवता के मन्दिर में मनौती मांग रखी है तो उसके लिए तत्परता से निकल पड़ें।

कुंभः- काफी अर्से बाद आपकी नियमित दिनचर्या में बदलाव आ रहा है। यदि कोई नया ओहदा या पद आपको मिल रहा है तो आप उसके स्वीकार करने में देर नहीं लगाएं हो सकता है।

मीनः- आज आपको सज-संवर कर कहीं पर जाना पड़ सकता है या फिर किसी सभा समारोह के लिए तैयार होना पड़ सकता है।

ओपेक की कच्चा तेल उत्पादन कटौती को आगे जारी रखने पर रूस, सउदी अरब सहमत

ओसाका (आरएनएस)। रूस और सउदी अरब कच्चे तेल की अधिक वैश्विक आपूर्ति के बीच उत्पादन कम रखने पर सहमत हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुतिन ने जी20 शिखर सम्मेलन के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम, रूस और सउदी अरब, सौदे को आगे बढ़ाएंगे। कितने समय तक? हम इसके बारे में सोचेंगे। यह छह महीने या नौ महीने के लिये होगा।

संभव है कि यह नौ महीने हो सकता है।'' पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने वाले देशों के समूह ओपेक ने पिछले साल दिसंबर में कच्चा तेल का दैनिक उत्पादन 12 लाख बैरल तक कम करने का विकल्प चुना था। सउदी अरब ओपेक का सबसे मुख्य सदस्य है। ओपेक की मंगलवार को वियना में उच्चस्तरीय बैठक होने वाली है।

पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि तीसरे दिन जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में शनिवार को लगातार तीसरे दिन वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। तेल कंपनियों ने पेट्रोल का भाव दिल्ली और कोलकाता में 11 पैसे जबकि मुंबई 10 पैसे और चेन्नई में 12 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिया है। वहीं, डीजल दिल्ली और कोलकाता में 10 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 11 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है।देश की राजधानी दिल्ली में तीन दिनों में पेट्रोल 23 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है और डीजल का दाम भी इन तीन दिनों में 21 पैसे प्रति लीटर बढ़ गया है। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली,

कोलकता, मुंबई और चेन्नई में शनिवार को पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 70.28 रुपये, 72.54 रुपये, 75.97 रुपये और 73.01 रुपये प्रति लीटर हो गए। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी बढ़कर क्रमशः 64.11 रुपये, 66.03 रुपये, 67.22 रुपये और 67.81 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम बढ़ने के कारण पेट्रोल और डीजल के भाव बढ़ रहे हैं क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों का तकरीबन 84 फीसदी हिस्सा आयात करता है। लिहाजा, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है तो भारत में पेट्रोल और डीजल समेत तमाम पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हो जाते हैं।

टोमेटो चिकन बनाने की विधि...

आवश्यक सामग्री



एक किलो चिकन (टुकड़ों में कटा हुआ) , दस टमाटर की प्यूरी, तीन बड़ा चम्मच घी, आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच हरी मिर्च (बारीक कटी हुई) , दो बड़ा चम्मच भुनी हुई प्याज , एक छोटा चम्मच अदरक का पेस्ट , एक छोटा चम्मच लहसुन का पेस्ट , आधा छोटा चम्मच हल्दी, एक बड़ा चम्मच हरा धनिया (सजावट के लिए), नमक स्वादानुसार , तेल जरूरत के अनुसार

बनाने की विधि

-टोमेटो चिकन बनाने के लिए सबसे पहले मीडियम आंच में एक पैन में तेल गरम करने के लिए रखें. - इसके बाद तेल के गरम होते ही इसमें टमाटर की प्यूरी डालकर कड़छी से चलाते हुए पकाएं। इसमें लगभग 2 घंटे लग जाएंगे। - दूसरी ओर मीडियम आंच में एक दूसरे पैन में घी गरम करने के लिए रखें। -अब घी के गरम होते ही भुनी हुई प्याज डालकर कुछ सेकेंड्स तक चलाएं। तुरंत ही चिकन, अदरक और लहसुन का पेस्ट डालकर अच्छे से मिक्स कर 15-20 मिनट तक पकाएं। - इसकेबाद टमाटर की प्यूरी मिलाएं। साथ ही हल्दी, लाल मिर्च पाउडर , हरी मिर्च और नमक भी मिलाएं। - अब पैन को 10-15 के लिए ढककर चिकन पकाएं। इसके बाद आंच बंद कर दें। - लीजिये तैयार है आपका स्वादिस्ट टोमैटो चिकन। हरे धनिये से गार्निश कर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 10

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 09 का हल

ग	ल	त				खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्ठा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा			भो
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

सू-दोकू- 10

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 09 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4